उत्तर प्रदेश शासन
आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–4
संख्या–592 / 8–4–13–55एन / 2013
लखनऊः दिनांक 08 मई, 2013

## कार्यालय–ज्ञाप

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश के आर्थिक संसाधनों की वृद्धि किये जाने हेतु करेत्तर राजस्व की प्राप्तियों के संबंध में गत वित्तीय वर्ष 2012–13 की भांति वर्तमान वित्तीय वर्ष 2013–14 के लिए प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थित नजूल भूमि को फ्री होल्ड किये जाने से और रिक्त नजूल भूमि को विक्रय किये जाने से तथा पट्टागत नजूल भूमि का वार्षिक लीज रेण्ट जमा कराये जाने से प्राप्त होने वाले राजस्व हेतु जनपद का वार्षिक एवं मासिक लक्ष्य निर्धारित कर उच्च स्तरीय समीक्षा किये जाने का निर्णय लिया गया है । इस निमित्त वित्तीय वर्ष 2013–14 हेतु प्रदेश के विभिन्न जनपदों का वार्षिक एवं मासिक लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है जिसकी जनपदवार फॉट, अनुलग्नक–1 में दी गयी है ।

2– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राजस्व प्राप्तियों हेतु लक्ष्य का निर्धारण शासन द्वारा उच्च स्तरीय निर्णय एवं सम्यक विचारोपरान्त किया गया है। अतः जनपदवार निर्धारित वार्षिक लक्ष्य एवं मासिक लक्ष्यों की शत–प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित किया जाना नितान्त आवश्यक है । इसी क्रम में जनपदवार लक्ष्यों को समयान्तर्गत प्राप्त किये जाने हेतु प्रभावी अनुश्रवण किये जाने के जिए कार्ययोजना तैयार की गयी है, जिसकी प्रति अनुलग्नक–2 में अवलोकनीय है।

3– इस संबंध में मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि नजूल भूमि का प्रबन्धन एवं निस्तारण नजूल नीति के अन्तर्गत समय–समय पर निर्गत शासनादेशों के अन्तर्गत किया जाता है। चूंकि रिट याचिका संख्या–9909/2012–श्रीमती आरती गौड़ बनाम स्टेट आफ यू0पी0 व अन्य में पारित मा0 उच्च न्यायालय के अन्तरिम आदेश/निर्णय दिनांक 03.12.2012 के द्वारा नजूल भूमि को फ्री होल्ड किये जाने पर रोक लगायी गयी है , अतः शासन के अग्रिम आदेशों तक नजूल भूमि को फ्री होल्ड किये जाने की कार्यवाही नहीं की जायेगी।

4– अतः अनुरोध है कि कृपया शासन के उक्त निर्देशों के अनुसार नजूल भूमि के निस्तारण की कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करने का कष्ट करें ताकि जनपदवार निर्धारित वार्षिक एवं मासिक लक्ष्यों को समयान्तर्गत प्राप्त किया जा सकें । कृपया इस संबंध में मासिक/वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व प्राप्ति की सूचना भी संलग्न प्रपत्र–1 व 2 में प्रत्येक माह की 04 तारीख तक अवश्य शासन को उपलब्ध कराने तथा आवास बन्धु की ई–मेल आई0डी0 awas@up.nic.in पर भी उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।

भवदीय,

( इन्दु बाला कटियार )
अनु सचिव ।

<u>संख्या–592(1)/8–4–13तद्दिनांक</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– प्रमुख सचिव वित्त, उ0प्र0 शासन ।

2– प्रमुख स्टाफ आफीसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन ।

3– समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0

4– उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ।

5– समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0 ।

6– वित्त संसाधन (सामान्य) अनुभाग।

7– वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग–8

8– आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1

9– निदेशक, वित्तीय सांख्यिकी निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।

10– निदेशक, आवास–बन्धु को इस अभ्युक्ति के साथ प्रेषित कि इस कार्यालय ज्ञाप की प्रति विभाग की बेव साइट पर अपलोड कराते हुए इसकी प्रति संबंधित को अपने स्तर से प्रेषित करने का कष्ट करें।

11– गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,

**( इन्दु बाला कटियार )**

अनु सचिव ।

<u>अनुलग्नक–1</u>

(लाख रूपये में )

| क0सं0 | जनपद का नाम | वित्तीय वर्ष 2013–14 का वार्षिक लक्ष्य | मासिक लक्ष्य |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| आगरा मण्डल | | | |
| 1 | आगरा | 80.00 | 6.67 |
| 2 | फिरोजाबाद | 10.00 | 0.83 |
| 3 | मथुरा | 20.00 | 1.67 |
| 4 | मैनपुरी | 10.00 | 0.83 |
| | मण्डल योग | 120.00 | |
| अलीगढ़ मण्डल | | | |
| 5 | अलीगढ़ | 25.00 | 2.08 |
| 6 | महामायानगर (हाथरस) | 1.00 | 0.08 |
| 7 | एटा | 1.00 | 0.08 |
| 8 | ❖ कासगंज ( काशीराम नगर ) | — | — |
| | मण्डल योग | 27.00 | |
| आजमगढ़ मण्डल | | | |
| 9 | • आजमगढ़ | — | — |
| 10 | बलिया | 1.00 | 0.08 |
| 11 | मऊ | 1.00 | 0.08 |
| | मण्डल योग | 2.00 | |
| इलाहाबाद मण्डल | | | |
| 12 | इलाहाबाद | 1000.00 | 83.33 |
| 13 | • कौशाम्बी | — | — |
| 14 | प्रतापगढ़ | 1.00 | 0.08 |
| 15 | फतेहपुर | 1.00 | 0.08 |
| | मण्डल योग | 1002.00 | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| कानपुर मण्डल | | | |
| 16 | इटावा | 1.00 | 0.08 |
| 17 | औरैया | 1.00 | 0.08 |
| 18 | ▪ कन्नौज | — | — |
| 19 | • कानपुर देहात | — | — |
| 20 | कानपुर नगर | 5.00 | 0.42 |
| 21 | फर्रुखाबाद | 5.00 | 0.42 |
| | मण्डल योग | 12.00 | |
| गोरखपुर मण्डल | | | |
| 22 | कुशीनगर | 1.00 | 0.08 |
| 23 | गोरखपुर | 120.00 | 10.00 |
| 24 | देवरिया | 1.00 | 0.08 |
| 25 | • महराजगंज | — | — |
| | मण्डल योग | 122.00 | |
| चित्रकूट धाम मण्डल | | | |
| 26 | चित्रकूट | 1.00 | 0.08 |
| 27 | बांदा | 30.00 | 2.50 |
| 28 | महोबा | 1.00 | 0.08 |
| 29 | हमीरपुर | 5.00 | 0.42 |
| | मण्डल योग | 37.00 | |
| झांसी मण्डल | | | |
| 30 | झांसी | 50.00 | 4.17 |
| 31 | जालौन | 2.00 | 0.16 |
| 32 | ललितपुर | 75.00 | 0.25 |
| | मण्डल योग | 127.00 | |
| देवी पाटन मण्डल | | | |
| 33 | गोण्डा | 10.00 | 0.83 |
| 34 | • बलरामपुर | — | — |
| 35 | बहराइच | 5.00 | 0.42 |
| 36 | • श्रावस्ती | — | — |
| | मण्डल योग | 15.00 | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| फैजाबाद मण्डल | | | |
| 37 | अम्बेडकर नगर | 1.00 | 0.08 |
| 38 | फैजाबाद | 18.00 | 1.50 |
| 39 | बाराबंकी | 5.00 | 0.42 |
| 40 | सुल्तानपुर | 1.00 | 0.08 |
| 41 | अमेठी | 2.00 | 0.16 |
| | मण्डल योग | 27.00 | |
| बरेली मण्डल | | | |
| 42 | पीलीभीत | 15.00 | 1.25 |
| 43 | बदांयू | 5.00 | 0.42 |
| 44 | बरेली | 40.00 | 3.33 |
| 45 | शांहजहांपुर | 1.00 | 0.08 |
| | मण्डल योग | 61.00 | |
| बस्ती मण्डल | | | |
| 46 | बस्ती | 1.00 | 0.08 |
| 47 | • सन्तकबीर नगर | – | – |
| 48 | • सिद्धार्थ नगर | – | – |
| | मण्डल योग | 1.00 | |
| मुरादाबाद मण्डल | | | |
| 49 | ❖ अमरोहा (ज्योतिबाफूले नगर) | – | – |
| 50 | बिजनौर | 1.00 | 0.08 |
| 51 | मुरादाबाद | 6.00 | 0.50 |
| 52 | रामपुर | 4.00 | 0.33 |
| 53 | ❖ सम्भल | – | – |
| | मण्डल योग | 11.00 | |
| मेरठ मण्डल | | | |
| 54 | • गाजियाबाद | – | – |
| 55 | • गौतमबुद्ध नगर | – | – |
| 56 | • बागपत | – | – |
| 57 | बुलन्दशहर | 75.00 | 6.25 |
| 58 | मेरठ | 10.00 | 0.83 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 59 | ❖ हापुड़ | — | — |
| | मण्डल योग | 85.00 | |
| लखनऊ मण्डल | | | |
| 60 | उन्नाव | 1.00 | 0.08 |
| 61 | लखीमपुर खीरी | 5.00 | 0.42 |
| 62 | रायबरेली | 10.00 | 0.83 |
| 63 | लखनऊ | 800.00 | 66.67 |
| 64 | सीतापुर | 10.00 | 0.83 |
| 65 | हरदोई | 5.00 | 0.42 |
| | मण्डल योग | 831.00 | |
| वाराणसी मण्डल | | | |
| 66 | गाजीपुर | 1.00 | 0.08 |
| 67 | • चन्दौली | — | — |
| 68 | जौनपुर | 1.00 | 0.08 |
| 69 | वाराणसी | 1.00 | 0.08 |
| | मण्डल योग | 3.00 | |
| मिर्जापुर मण्डल | | | |
| 70 | मिर्जापुर | 5.00 | 0.42 |
| 71 | • सन्तरविदास नगर (भदोही) | — | — |
| 72 | सोनभद्र | 2.00 | 0.16 |
| | मण्डल योग | 7.00 | |
| सहारनपुर मण्डल | | | |
| 75 | सहारनपुर | 10.00 | 0.83 |
| 74 | • मुजफ्फरनगर | — | — |
| 75 | ❖ शामली | — | — |
| | मण्डल योग | 10.00 | |
| | महायोग— | 2500.00 | |

नोट—

• जनपद आजमगढ़/कौशाम्बी/कन्नौज/कानपुर देहात/ महाराजगंज/बलरामपुर/श्रावस्ती/ सन्त कबीर नगर/सिद्धार्थनगर/ अमरोहा/सम्भल/गाजियाबाद/गौतमबुद्ध नगर/बागपत/चन्दौली/ सन्तरविदासनगर/मुजफ्फरनगर (17 जनपद) में नजूल भूमि न होने के आधार पर लक्ष्य आवंटित नहीं किया गया है।

❖ नये जनपदों को लक्ष्य आवंटित नहीं किया गया है।

( इन्दु बाला कटियार )
अनु सचिव ।

<u>अनुलग्नक – 2</u>

## नजूल भूमि के निस्तारण से आय के लिए वित्तीय वर्ष 2013–14 के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त किये जाने हेतु कार्य योजना

1– नजूल संबंधी अभिलेखों का समुचित रख–रखाव जनपद स्तर पर सुनिश्चित किया जाये और नजूल रजिस्टर का डिजीटाइजेशन कराया जाये ।

2– जनपदों की समाप्त पट्टे की नजूल भूमि पर नियमानुसार पुनर्प्रवेश करके उसका निस्तारण नीलामी/निविदा के माध्यम से कराये जाने की कार्यवाही की जाये।

3– फ्री होल्ड विषयक प्राप्त आवेदन पत्रों का समयबद्ध निस्तारण किया जाये और इसकी सूचना प्रत्येक माह प्रपत्र–I में दी जाये।

4– नजूल फ्री होल्ड नीति का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाना तथा व्यापक प्रचार–प्रसार के उपरान्त प्राप्त आवेदन–पत्रों का प्राथमिकता के आधार पर एक माह के अन्दर निस्तारण किया जाये।

5– रिक्त नजूल भूमि का समाचार पत्रों में विज्ञप्ति/नीलामी/निविदा द्वारा समयबद्ध निस्तारण किया जाये।

6– नजूल फ्री होल्ड के ऐसे मामले जहां प्रकरण मा0 न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है उन मामलों में शासन का पक्ष रखते हुए प्रतिशपथ दायर किया जाना तथा स्थगन आदेश को प्रभावी पैरवी कर निरस्त कराया जाये ताकि प्रकरण से संबंधित नजूल भूमि फ्री होल्ड की जा सके।

7– अवैध कब्जों को नियमानुसार रिक्त कराकर उसका नीलामी/निविदा द्वारा निस्तारण किया जाये।

8– प्रत्येक माह कितनी नजूल भूमि फ्री होल्ड की गयी है, से प्राप्त राजस्व की सूचना प्रपत्र–II में शासन को भेजी जाये।

प्रपत्र–I

जनपद का नाम

रिपोर्टिंग माह

( लाख रूपये में )

## वित्तीय वर्ष 2013–14 में वार्षिक/मासिक लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व प्राप्तियों का विवरण

| क0स0 | वित्तीय वर्ष 2013–14 का वार्षिक लक्ष्य | वित्तीय वर्ष 2013–14 का मासिक लक्ष्य | आलोच्य माह में उपलब्धि | वित्तीय वर्ष 2013–14 के आलोच्य माह तक कुल कमित उपलब्धि | राजस्व प्राप्ति का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | |

**प्रपत्र–II**

**जनपद का नाम**

**रिर्पोटिंग मा** 201.....

**( लाख रूपये में )**

**वित्तीय वर्ष 2013–14 का नजूल भूमि के निरस्तारण किये जाने के संबंध में लम्बित आवेदन पत्रों का विवरण**

| क्र0 | जनपद का नाम | प्राप्त आवेदन पत्र | | | निस्तारित (स्वीकृत / निरस्त ) | | | कुल लम्बित (संख्या) | 3 माह से पुराने लम्बित (संख्या) | लम्बित / प्राप्त आवेदन पत्रों का निस्तारण न किये जाने का कारण) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पिछले माह तक (संख्या) | आलोच्य माह में (संख्या) | योग (संख्या) | पिछले माह तक (संख्या) | आलोच्य माह में (संख्या) | योग (संख्या) | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
|  |  |  |  |  |  |  |  |  |  |  |